भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
Maha Nagar Door Sanchar Bhavan, Jawahar Lal Nehru Marg,
(पुराना मिंटो रोड), नई दिल्ली–110002
(Old Minto Road), New Delhi - 110002

संख्या 2– चालक (2)/2004 प्रा0 एवं कार्मिक (भाग–1) दिनांकः 28 सितम्बर, 2018

सूचना

जबकि, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण संवर्ग में कार्यरत श्री ओमप्रकाश गिरि, ड्राइवर के विरूद्ध केन्द्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 के नियम 14 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाहियां आरंभ की गई थी । जांच अधिकारी द्वारा जांच समाप्त कर जांच रिपोर्ट दिनांक 20 अगस्त, 2018 को प्रस्तुत की गई थी।

2. **और जबकि**, उक्त केन्द्रीय सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 के नियम 15 के उप नियम 2 के तहत ज्ञापन संख्या 2– चालक (2)/2004 प्र0 एवं कार्मिक (भाग–1) दिंनाक 20 सितम्बर, 2018 के द्वारा जांच रिपोर्ट की एक प्रति श्री ओम प्रकाश गिरि की जानकारी एंव अवलोकन के लिए कार्यालय अभिलेख में उपलब्ध निम्नलिखित पतों पर स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी गई हैः

(क) बी0एस0एन0एल0 स्टॉफ क्वार्टर नं. बी–14, टाईप–2, ए–ब्लाक (बी–ब्लाक मार्केट के नजदीक) विवेक विहार, दिल्ली– 110095,
(ख) 101, पुराना ए0जी0 रोड, कडू रांची, पिन कोड संख्या 834002 (झारखंड),
(ग) एस–4/306, एम0 एस0 फ्लेट, के0जी0 मार्ग, दिल्ली– 110001

इसके साथ– साथ उक्त ज्ञापन एवम जांच रिपोर्ट की प्रति श्री गिरि के विवेक विहार, दिल्ली वाले निवास स्थान पर विशेष दूत के माध्यम से भेजी गई थी, मगर दरवाजा बंद होने के कारण ज्ञापन को उनके दरवाजे पर चिपका दिया गया था। उक्त ज्ञापन के माध्यम से श्री ओम प्रकाश गिरि को निर्देश दिया गया था कि वह अपना लिखित स्पष्टीकरण/ लिखित विवरण, यदि कोई हों तो, अनुशासनात्मक प्राधिकारी अर्थात् सचिव, भांदूविप्रा को 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। अतः श्री ओम प्रकाश गिरि को अपना लिखित स्पष्टीकरण/ लिखित विवरण, यदि कोई हों तो, 5 अक्तूबर, 2018 तक प्रस्तुत करना है।

3. इस नोटिस के माध्यम से भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण में कार्यरत श्री ओमप्रकाश गिरि, ड्राइवर को निर्देश दिया जाता हे कि यदि उन्हें उक्त ज्ञापन एवम जांच रिपोर्ट की प्रति प्राप्त नहीं हुई है तो वह अधोहस्ताक्षरी से जांच रिपोर्ट की प्रति प्राप्त करें तथा उसे अनुशासनात्मक प्राधिकारी अर्थात् भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के सचिव महोदय को अपने लिखित अभ्यावेदन अथवा निवेदन, यदि कोई हों तो, 5 अक्तूबर, 2018 तक प्रस्तुत करें।

सौ.प्र. भट्ट
(सौभाग्य प्रसाद भट्ट)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (प्र. एवं का.)
दूरभाषः 011–23664–213

श्री ओम प्रकाश गिरि
चालक साधारण ग्रेड, भादूविप्रा